दिनांकः 19.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मन की बात कार्यक्रम उन्हें राष्ट्र के सामूहिक प्रयासों और सामूहिक इच्छाशक्ति से जोड़ता है। आज आकाशवाणी से प्रसारित ''मन की बात'' कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि देशवासियों के सुझाव और विचारों से विकसित भारत के संकल्प पर उनका विश्वास और बढ़ता है। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपने–अपने काम के जरिए भारत को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए प्रयास करते रहने की अपील की है। इस साल के पहले मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने आगामी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संविधान सभा के उन महान व्यक्तित्वों को नमन किया, जिन्होंने देश को पवित्र संविधान दिया। प्रधानमंत्री ने 25 जनवरी को मनाए जाने वाले मतदाता दिवस का उल्लेख करते हुए भारत को लोकतंत्र की जननी बताया। उन्होंने देशवासियों से मतदान में हर बार हिस्सा लेने की अपील की।

.................

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये आयोजन जन सैलाब और समता तथा समरसता का असाधारण संगम है। उन्होंने कुंभ को देश की विविधता में एकता का उत्सव बताते हुए कहा कि कुंभ की वैश्विक लोकप्रियता हर भारतीय के लिए गर्व की बात ळें

.................

प्रधानमंत्री ने भारत की हाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए अंतरिक्ष क्षेत्र में हासिल की गई सफलता को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम बताया है। प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप इंडिया के नौ साल पूरा होने और इस दौरान हासिल उपलब्धियों को अतुलनीय बताते हुए युवाओं और देश की बेटियों पर गर्व जताया है। श्री मोदी ने देश के विभिन्न भागों में भारतीयों द्वारा राष्ट्र हित और कर्तव्य भावना के कार्यों का उल्लेख करते हुए नेता जी सुभाष चंद बोस को नमन किया और राष्ट्र हित में उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद किया।

.................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में शिरकत की और त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। श्री शर्मा ने प्रयागराज में लगाए गए राजस्थान मण्डप का अवलोकन किया और सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने यात्रियों के ठहराव की व्यवस्थाओं पर खुशी जताते हुए अधिकारियों से राजस्थान मंडप में आने वाले हर प्रदेशवासी को सभी संभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

.................

प्रदेश के अधिकांश शहरों के तापमान में बढ़ोतरी से लोगों को गलनभरी सर्दी से राहत मिली है। न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस के ऊपर बना रहा। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार आज सबसे कम 7 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान अलवर में दर्ज किया गया।
श्रीगंगानगर में 7 दशमलव 7, जैसलमेर में 7 दशमलव 9, हनुमानगढ में 8 दशमलव 8 और राजधानी जयपुर में रात का तापमान करीब 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में बढोतरी के बावजूद भी राज्य के कई हिस्से आज भी कोहरे की चपेट में रहे। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ और पूर्वी

जिलों में सुबह के समय दृश्यता न्यूनतम रहने से वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विभाग ने 21 और 22 जनवरी को नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है। इसके असर से दौसा, सिरोही, अजमेर और टोंक सहित कई स्थानों पर मावठ के आसार हैं।

-----------------